दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक :22.01.2025

प्रकाशनार्थ

दिनांक 22.01.2025 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज गोरखपुर के प्लेसमेंट सेल, बीसीए विभाग एवं कम्पेयरा कंप्यूटर एजुकेशनल सोसायटी, गोरखपुर के बीच महाविद्यालय के विद्यार्थियों के प्लेसमेंट एवं तकनीकी शिक्षा के प्रोत्साहन हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह, आई.क्यू.ए.सी. कोऑर्डिनेटर प्रो. परीक्षित सिंह एवं डायरेक्टर राजेश्वर मिश्रा, डॉ. हरिशंकर गुप्ता, बीसीए विभागाध्यक्ष की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ।

समझौता ज्ञापन के पश्चात डायरेक्टर राजेश्वर मिश्रा ने कहा की टेक्नोलॉजी ने शिक्षा के क्षेत्र में विशेष रूप से उन्नति और विकास को गति दी है जिससे छात्रों के लिए इंटरैक्टिव और सरल शिक्षा साधन उपलब्ध होने लगे हैं। शैक्षिक तकनीकी के उद्देश्य–शैक्षिक तकनीकी का मुख्य उद्देश्य छात्रों का सम्पूर्ण विकास है, जिसमें उनके ज्ञान, कौशल और विचारशीलता को बढ़ाना शामिल है। इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से हम संस्थान के विद्यार्थियों हेतु कार्यशाला एवं गोष्ठियों का आयोजन करेंगे।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो ओम प्रकाश सिंह ने प्लेसमेंट सेल को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों में स्किल उन्नयन हेतु हमे अन्य संस्थानों के साथ जुड़कर कार्य करना होगा। महाविद्यालय इस दिशा में निरंतर अग्रसर है।

प्रो परीक्षित सिंह, आई.क्यू.ए.सी. कोऑर्डिनेटर ने प्लेसमेंट सेल को शुभकामनाएं देते हुए कहा की योग्यता के साथ आत्मविश्वास विकसित किया जाए तो करियर के कुरुक्षेत्र में आपको कोई पराजित नहीं कर पाएगा। अध्ययन के साथ–साथ उन गतिविधियों में भी हिस्सा लें, जिनसे आपका आत्मविश्वास बढ़े। कार्यशालाओं और व्यक्तित्व विकास वाली संस्थाओं में यही सब तो किया जाता है।

इस अवसर पर प्लेसमेंट सेल संयोजक डॉ. पवन पांडेय, डॉ. आर पी यादव, डॉ. मनीष श्रीवास्तव, डॉ. मुदित दुबे, सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

उक्त कार्यक्रमों की जानकारी मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ शैलेश कुमार सिंह ने दी।

(डॉ. शैलेष कुमार सिंह)
सूचना एवं मीडिया प्रभारी